**CBSE Class 07 Hindi**
**NCERT Solutions**
**पाठ-01**
**हम पंछी उन्मुक्त गगन के**

---

**1. हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते?**
**उत्तर:-** पक्षी के पास पिंजरे के अंदर वे सारी सुख सुविधाएँ है जो एक सुखी जीवन जीने के लिए आवश्यक होती हैं,लेकिन वह परतंत्र है।हर तरह की सुख-सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद नहीं रहना चाहते क्योंकि उन्हें बंधन नहीं अपितु स्वतंत्रता पसंद है। वे खुले आकाश में ऊँची उड़ान भरना,नदी,झरनों का बहता जल पीना, कड़वी निबौरियाँ खाना ही पसंद करते हैं।कवि ने पक्षी के माध्यम से बंधन मुक्त जीवन की कल्पना की है। .

---

**2. पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन-कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं?**
**उत्तर:-** पक्षी उन्मुक्त होकर नीम के पेड़ से कड़वी निबोरियाँ खाना, खुले और विस्तृत आकाश में उड़ना, नदियों,झरनों का बहता हुआ शीतल जल पीना, पेड़ की सबसे ऊँची टहनी पर झूलना और क्षितिज से मिलन करने की होड़ करते हुए अन्य पक्षियों के साथ उड़ान भरना इत्यादि इच्छाओं को पूरी करना चाहते हैं।

---

**3. भाव स्पष्ट कीजिए -**
**"या तो क्षितिज मिलन बन जाता/या तनती साँसों की डोरी।"**
**उत्तर:-** प्रस्तुत पंक्ति का भाव यह है कि पक्षी क्षितिज के अंत तक जाने की चाह रखते हैं, जो कि मुमकिन नहीं है परन्तु फिर भी क्षितिज को पाने के लिए पक्षी किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार है यहाँ तक कि वे इसके लिए अपने प्राणों को भी न्योछावर कर सकते हैं अर्थात स्वतंत्रता की कीमत उसके प्राणों से बढ़ कर है।

---

**4.1 बहुत से लोग पक्षी पालते हैं -**
**पक्षियों को पालना उचित है अथवा नहीं? अपना विचार लिखिए।**
**उत्तर:-** मेरे अनुसार पक्षियों को पालना बिल्कुल भी उचित नहीं है क्योंकि ईश्वर ने उन्हें उड़ने के लिए पंख दिए हैं, इसलिए उन्हें बंधन में रखना सर्वथा अनुचित है। अपनी इच्छा से ऊँची-से-ऊँची दूर तक उड़ान भरना, पेड़ों पर घोंसले बनाकर रहना, नदी-झरनों का जल पीना, फल-फूल खाना ही उनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति है। आप किसी को भी कितना ही सुखी रखने का प्रयास करें परंतु उसके स्वाभाविक परिवेश से अलग करना अनुचित ही माना जाएगा।आजादी अनमोल है ,सैकड़ो स्वर्णिम मुद्राएँ देकर भी उसे खरीदा नही जा सकता।

**4.2 क्या आपने या आपकी जानकारी में किसी ने कभी कोई पक्षी पाला? उसकी देखरेख किस प्रकार की जाती होगी, लिखिए।**
**उत्तर:-** एक बार एक घायल कबूतर हमारे घर आ गया। जिसकी हमने देखभाल की और उसके ठीक होने के बाद वह हमारे साथ ही

रहने लगा। सब घरवालों के लिए वह कौतूहल का विषय बन गया था। हम सब घरवाले एक नन्हें बच्चे की तरह उसकी देखभाल करते थे। उसे रोज नहलाया जाता। उसके खाने-पीने का बराबर ख्याल रखा जाता,लेकिन हमने उसे पिंजरे में नही रखा बल्कि वह अपनी इच्छानुसार पूरे घर में उड़ता फिरता था। इस प्रकार से हम अपने पक्षी का पूरा ख्याल रखते थे।

**5. पक्षियों को पिंजरे में बंद करने से केवल उनकी आज़ादी का हनन ही नहीं होता, अपितु पर्यावरण भी प्रभावित होता है। इस विषय पर दस पंक्तियों में अपने विचार लिखिए।**

**उत्तर:-** पक्षियों को पिंजरों में बंद करने से सबसे बड़ी समस्या पर्यावरण में आहार श्रृंखला असंतुलित हो जाएगी। जैसे घास को छोटे कीट खाते हैं तो उन कीटों को पक्षी। यदि पक्षी न रहे तो इन कीटों की संख्या में वृद्धि हो जाएगी जो हमारी फसलों के लिए उचित नहीं है। इस कारण पर्यावरण असंतुलित हो जाएगा। पक्षी जब फलों का सेवन करते हैं तब बीजों को यहाँ वहाँ गिरा देते हैं जिसके फलस्वरूप नए-नए पौधों पनपते हैं। कुछ पक्षी हमारी फैलाई गंदगी को खाते हैं जिससे पर्यावरण साफ़ रहता है यदि ये पक्षी नहीं रहेंगे तो पर्यावरण दूषित हो जाएगा और मानव कई बीमारियों से ग्रस्त हो जाएगा अत: जिस प्रकार पर्यावरण जरुरी है, उसी प्रकार पक्षी भी जरुरी हैं।दोनो एकदूसरे के पूरक है,एक के बिना दूसरे की कल्पना नहीं की जा सकती।

**• भाषा की बात**

**6. स्वर्ण-श्रृंखला और लाल किरण-सी में रेखांकित शब्द गुणवाचक विशेषण हैं।**

**कविता से ढूंढ़कर इस प्रकार के तीन और उदाहरण लिखिए**

**उत्तर:-** पुलकित-पंख, कटुक-निबौरी, कनक-कटोरी।

**7. 'भूखे-प्यासे' में द्वंद्व समास है। इन दोनों शब्दों के बीच लगे चिहन को सामासिक चिह्न (-) कहते हैं। इस चिहन से 'और' का संकेत मिलता है, जैसे - भूखे-प्यासे=भूखे और प्यासे।**

**इस प्रकार के दस अन्य उदाहरण खीजकर लिखिए।**

**उत्तर:-** अमीर-गरीब, सुख-दुःख, रात-दिन, तन-मन, मीठा-खट्टा, अपना-पराया, पाप-पुण्य, सही-गलत, धूप-छाँव, सुबह-शाम।